आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
सोमवार 04.05.2026 समय 1830

मुख्य समाचार :–

- पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी, भारी जीत की ओर अग्रसर। असम में भाजपा तीसरी बार सत्ता में आने को तैयार।
- कृषि मंत्री गणेश जोशी ने नाबार्ड पॉलीहाउस योजना के तहत डिजिटल भुगतान प्रणाली के माध्यम से अनुदान वितरण प्रक्रिया का शुभारम्भ किया।
- ''मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना'' से ग्रामीण युवाओं को मिल रहा लाभ। पौड़ी गढ़वाल के राहुल गुसाईं डेयरी व्यवसाय से बने आत्मनिर्भर।
- चम्पावत में 10 दिवसीय गोल्ज्यू महोत्सव, धार्मिक अनुष्ठान और पूजा–अर्चना के साथ शुरू।

मतगणना / रुझान

पश्चिम बंगाल, असम, केरलम, तमिलनाडु और पुद्दुचेरी में विधानसभा चुनाव की मतगणना के रूझानों से भविष्य की राजनीति की दिशा तय होने के संकेत मिल रहे हैं। पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी को ऐतिहासिक जीत मिलने जा रही है और वो पहली बार राज्य में सरकार बनाएगी। पश्चिम बंगाल में विधानसभा की 293 सीटों में से 292 के रूझान मिल रहे हैं। अंतिम समाचार मिलने तक भाजपा ने काफी बढ़त बना ली है और वो 194 सीटों पर आगे है। रूझानों के अनुसार पश्चिम बंगाल में पिछले 15 साल से सत्ता पर आसीन सुश्री ममता बनर्जी की तृणमूल सरकार का जाना तय नजर आ रहा है। असम में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी लगातार तीसरी बार सरकार बनाने जा रही है। वहीं, पुद्दुचेरी में एन. रंगास्वामी के नेतृत्व में, एनडीए सरकार बनाने जा रही है। केरलम में कांग्रेस के नेतृत्व वाला यूडीएफ गठबंधन, सत्तारूढ़ एलडीएफ से बहुत आगे निकल गया है। तमिलनाडु विधानसभा चुनाव में अभिनेता से राजनेता बने विजय के नेतृत्व में तमिलगा वेत्री कडगम– टी.वी.के. सबसे बडी पार्टी के रूप में उभरकर इतिहास रचने के लिए तैयार है। टी.वी.के. 101 सीटों पर आगे है।

डिजिटल भुगतान

कृषि मंत्री गणेश जोशी ने आज देहरादून में नाबार्ड पॉलीहाउस योजना के तहत डिजिटल भुगतान प्रणाली–सीबीडीसी के माध्यम से अनुदान वितरण प्रक्रिया का शुभारम्भ किया। उन्होंने कहा कि उद्यान विभाग द्वारा एक अभिनव पहल करते हुए नाबार्ड की आरआईडीएफ योजना के तहत क्लस्टर आधारित छोटे पॉलीहाउस स्थापना योजना में किसानों को शत–प्रतिशत पारदर्शिता के साथ लाभान्वित करने के लिए डिजिटल भुगतान प्रणाली लागू की गई है। कृषि मंत्री ने कहा कि उद्यान विभाग के तहत सेब की अति सघन बागवानी और कीवी नीति में डिजिटल भुगतान के माध्यम से अनुदान वितरण की व्यवस्था लागू की जा रही है। उन्होंने

बताया कि इस योजना के तहत 50 से 100 वर्गमीटर आकार के छोटे पॉलीहाउस के लिए किसानों को 80 प्रतिशत तक अनुदान दिया जा रहा है। इसके लिए 304 करोड़ रुपये से अधिक की स्वीकृति प्राप्त हुई है। अनुदान तीन किस्तों में सीबीडीसी वाउचर के माध्यम से दिया जाएगा। कृषि मंत्री ने विश्वास जताया कि यह पहल न केवल किसानों की आय बढ़ाने में सहायक होगी, बल्कि प्रदेश की आर्थिक प्रगति को भी गति प्रदान करेगी।

भाजपा–कांग्रेस/पत्र

ऊधमसिंह नगर जिले के गदरपुर से भारतीय जनता पार्टी के विधायक अरविंद पांडेय ने उनके नाम से सोशल मीडिया में वायरल हो रहे कथित पत्र को पूरी तरह निराधार और भ्रामक बताया। आज देहरादून स्थित पार्टी कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि इस कथित पत्र से उनका कोई लेना–देना नहीं है और ये विपक्ष की सोची–समझी साजिश है। उन्होंने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल पर निशाना साधते हुए कहा कि फर्जी पत्र के सहारे पत्रकार वार्ता करना राजनीति के गिरते स्तर को दिखाता है।
उधर, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि उन्होंने पहले दिन से इस पत्र की विश्वसनीयता की जांच की बात कही थी, जिस पर वे आज भी कायम हैं।

मुख्यममंत्री स्वरोजगार योजना

प्रदेश में संचालित ''मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना'' ग्रामीण युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित कर रही है। पौड़ी गढ़वाल के केवर्स गांव निवासी राहुल गुसाईं ने भी इस योजना का लाभ उठाकर डेयरी व्यवसाय शुरू किया है। आज वे न केवल आत्मनिर्भर बने हैं, बल्कि अन्य ग्रामीणों को भी रोजगार के अवसर उपलब्ध करा रहे हैं। राहुल गुसाईं ने ''मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना'' के तहत सात लाख रुपये का ऋण लेकर डेयरी व्यवसाय की शुरुआत की। शुरूआत में उन्होंने पांच गायों से यह कार्य शुरू किया और धीरे–धीरे अपने व्यवसाय का विस्तार किया। अभी उनके पास जर्सी, साहीवाल, गिर, बद्री और होल्स्टीन फ्रीज़ियन नस्ल की कुल 24 गाय हैं। राहुल प्रतिदिन लगभग 150 से 170 लीटर दूध का उत्पादन कर रहे हैं। इससे उन्हें हर महीने लगभग 80 से 90 हजार रुपये की आय प्राप्त हो रही है, जिसमें 45 से 50 हजार रुपये तक शुद्ध लाभ है। राहुल गुसाईं का कहना है कि मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना से प्राप्त आर्थिक सहयोग ने उन्हें आत्मनिर्भर बनने का अवसर दिया। उन्होंने बताया कि पशुपालन विभाग से उन्हें निरंतर तकनीकी सहयोग मिल रहा है, जिसमें पशुओं का स्वास्थ्य परीक्षण, टीकाकरण और चारे संबंधी मार्गदर्शन शामिल है।
दुग्ध उत्पादन से हो रही आय से राहुल गुसांई का परिवार आर्थिक रूप से सशक्त हुआ है तथा वे भविष्य में अपने व्यवसाय का और विस्तार करने की योजना बना रहे हैं।

गोल्ज्यू महोत्सव

चम्पावत जिला मुख्यालय के गोरलचोड़ मैदान में आज 10 दिवसीय गोल्ज्यू महोत्सव का धार्मिक अनुष्ठान और पूजा–अर्चना के साथ शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर नगर पालिका कार्यालय से गोल्ज्यू मंदिर तक भव्य कलश यात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में पारंपरिक परिधान में सजे छोलिया दल ने आकर्षक प्रस्तुति दीं। कार्यक्रम संयोजक और नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी भरत त्रिपाठी ने बताया प्रदेश की लोक संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ये महोत्सव आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बारिश के कारण महोत्सव में बाधा आई है। इसे देखते हुए सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बदलाव किया गया है।

जन सुनवाई

प्रदेश में आज देहरादून, हरिद्वार, पौड़ी, रुद्रप्रयाग और पिथौरागढ़ सहित विभिन्न जिलों में जन सुनवाई कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान लोगों ने सड़क, पेयजल, स्वास्थ्य और बिजली समेत अपनी विभिन्न समस्याएं अधिकारियों के समक्ष दर्ज कराईं। कई समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण किया गया, जबकि शेष शिकायतों को निस्तारण के लिए संबंधित विभागों को प्रेषित किया गया।